# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/3181
दिनांक : 18.12.2020

## विज्ञप्ति

वैश्विक महामारी कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुये उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय की संस्थागत एवं व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों के केवल अन्तिम वर्ष की मुख्य परीक्षा–2020 सम्पन्न करायी जा चुकी है तथा परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तर पर **बी०ए०, बी०काम० बी०ए०, बी०काम०, बी०एस–सी० एवं बी०एस–सी० फिजिकल एजू० एण्ड स्पोर्ट्स (संस्थागत)** तथा **बी०ए०, बी०काम० (व्यक्तिगत)** केवल तृतीय वर्ष, परास्नातक स्तर पर **एम०ए० एवं एम०काम० (व्यक्तिगत)** केवल अन्तिम वर्ष तथा **एल०एल०बी० (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम)** केवल अन्तिम वर्ष पाठ्यक्रमों के समस्त छात्र/छात्राओं की बैक पेपर परीक्षा–2020 आयोजित करायी जानी प्रस्तावित है।

उपरोक्त सन्दर्भित पाठ्यक्रमों के समस्त छात्र/छात्राओं के बैक पेपर परीक्षा फार्म माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी द्वारा निम्नांकित तिथि के अनुसार ऑन लाईन भरवाये जाने हैं :–

**ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने की तिथियाँ निम्नानुसार हैं –**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने एवं ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि | 21.12.2020 |
| 02. | छात्र/छात्राओं द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 28.12.2020 |
| 03. | परिपूर्ण परीक्षा फार्म सम्बन्धित महाविद्यालयों में जमा करने की अन्तिम तिथि | 29.12.2020 |
| 04. | प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक द्वारा अग्रसारित परीक्षा फार्म नोमिनल रोल लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि | 31.12.2020 |

नोट :–1. **विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 01.12.2020 में लिये गये संकल्पानुसार केवल अन्तिम वर्ष के जिन अभ्यर्थियों ने मुख्य परीक्षा–2020 हेतु परीक्षा फार्म भरे हैं, किन्तु कोविड–19 के कारण परीक्षा देने से वंचित रह गये ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्राओं को वंचित विषय/प्रश्नपत्र में सम्मिलित होते हुये पाठ्यक्रम पूर्ण किये जाने का अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है।**

**ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्राओं को परीक्षा फार्म भरे जाने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे छात्र/छात्रायें विश्वविद्यालय वेबसाइट से नवीन प्रवेश पत्र पुनः डाउनलोड करने के उपरान्त ही बैक पेपर परीक्षा–2020 में सम्मिलित हो सकेंगे।**

2. केवल अन्तिम वर्ष की मुख्य परीक्षा–2020 (संस्थागत/व्यक्तिगत) की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी ही बैक पेपर परीक्षा–2020 में औपबन्धिक रूप से सम्मिलित हो सकेंगे। अन्य सत्र के अभ्यर्थी सन्दर्भित परीक्षा हेतु अर्ह नहीं हैं अन्यथा की स्थिति में परीक्षार्थी/महाविद्यालय/संस्थान स्वयं उत्तरदायी होंगे।
3. सन्दर्भित अर्ह अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध समस्त नियमों का भली–भाँति अध्ययन करने के उपरान्त ही बैक पेपर परीक्षा–2020 हेतु परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें।
4. परीक्षा में अंक सुधार की दृष्टि से अथवा बैक पेपर परीक्षा–2020 में सम्मिलित होने हेतु किसी भी अर्ह अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त बैक पेपर परीक्षा–2020 में सम्मिलित होने हेतु केवल एक ही अवसर देय होगा।
5. **कोई भी अभ्यर्थी री–बैक परीक्षा हेतु अर्ह नहीं होगा।**

18/12/2020
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारित करने से पूर्व छात्र/छात्रा की अर्हता का अच्छी तरह परीक्षण कर लिया जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए अभ्यर्थी आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं।
02. सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक, प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति जी के सूचनार्थ।

क्रमश.......2

04. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को, वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
05. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. सहा0 कुलसचिव/उप कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय/लेखा)।
09. प्रभारी–कमैटी सेल/अति गोपनीय विभाग।
10. कार्यालय अधीक्षक (गोपनीय)।
11. समस्त प्रभारी/पटल सहायक–परीक्षा विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
12. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र/विश्वविद्यालय वेबसाईट।
13. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
14. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त नियमों/अर्हता के अनुरूप ही बैक पेपर परीक्षा–2020 हेतु परीक्षा फार्म भरवाया जाना सुनिश्चित करें।
15. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के **सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए**, छात्र हित में, निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
16. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र/सूचना पट।

18.12

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)